nt>
Title: Requests the Central Government to intervene and check the Naxalite activities in Madhya Pradesh, Maharasthra, Orissa and Andhra Pradesh.

डा. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसोर) : माननीय सभापति जी, मध्य प्रदेश के सीमावर्ती इलाको महाराष्ट्र,उडीसा तथा आंध्र पर्देश में नक्सली गितविधियो. के कारण वहां भयंकर आतंक और उपद्रव मचा हुआ है । समाचार मिले है कि नक्सलियो द्वारा वहां हत्याए की गई है ।

सभापति महोदय, ऐसी स्थिति में बस्तर के जो आदिवासी है जहां पर ये नक्सली गतिविधियां इतनी तीव्रतर हो गई है कि एक सामानान्तर सरकार वहां पर चल रही है। वहां पर प्रदेश सरकार नक्सली गतिविधियों के रोकने में असमर्थ है । हत्याएं जारी है । आदिवासी पलायन कर रहे हैं । मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह हे कि वह इसमें हस्तक्षेप करे, क्योंकि मध्यप्रदेश सरकार अकर्मण्य है। विशेषकर आदिवासियों की जानमाल की रक्षा करे और सीमावर्ती इलाकों में ऐसा प्रबन्ध करें ताकि लोगों को इस प्रकार से संकट का सामना न करना पड़े ।